महत्वपूर्ण/तत्काल

संख्या-83/1019/84-डे0ई0-13-नि0-28/11

प्रेषक,

मुरलीधर दुबे,
विशेष सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

पुलिस अधीक्षक,
खाद्य प्रकोष्ठ
इन्दिरा भवन, लखनऊ ।

उपभोक्ता संरक्षण एवं बॉट माप डे0ई0 लखनऊ :: दिनांक 02 दिसम्बर, 2013

विषय:- श्री वी0पी0 सिंह तत्कालीन अधिशासी निदेशक एवं श्री रजनीकांत वर्मा, तत्कालीन वित्त एवं लेखाधिकारी, उ0प्र0 राज्य कर्मचारी कल्याण निगम के विरूद्ध लगाये गये भ्रष्टाचार संबंधी आरोपों की जॉच कराये जाने जाने के संबंध में ।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक मा0 खाद्य मंत्री जी/मा0 मुख्यमंत्री जी को सम्बोधित श्री राजाराम, सामाजिक कार्यकर्ता, विज्ञानपुरी, अलीगंज, लखनऊ के दिनांक रहित शिकायती-पत्र एवं श्री मो0 वैस अन्सारी, नगर अध्यक्ष (निवर्तमान) समाजवादी पार्टी, गोसाईगंज, फैजाबाद के शिकायती पत्र दिनांक 31-03-2012 तथा श्री प्रमोद कुमार गुप्ता, मा0 सदस्य विधान सभा, विधूना औरैया के शिकायती पत्र दिनांक 12-04-2012 एवं शिकायती पत्र के साथ संलग्न श्री मनोज कुमार श्रीवास्तव, महामंत्री राज्य कर्मचारी कल्याण निगम डिपो कर्मचारी महासंघ के पत्र क्रमश: दिनांक 31-03-12 व 29-3-12 की छाया प्रतियाँ संलग्न कर भेजते हुए मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि शिकायती-पत्रों में श्री वी0पी0 सिंह तत्कालीन अधिशासी निदेशक एवं श्री रजनीकांत वर्मा, तत्कालीन वित्त एवं लेखाधिकारी, उ0प्र0 राज्य कर्मचारी कल्याण निगम के विरूद्ध लगाये गये आरोपों की जॉच कराकर जॉच आख्या शासन को तत्काल उपलब्ध कराने का कष्ट करें ।

संलग्नक :: यथोक्त।

भवदीय,

( मुरलीधर दुबे )
विशेष सचिव ।

संख्या-1019(1)/84-डे0ई0-2013तद्दिनांक

उपर्युक्त की प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- आयुक्त, खाद्य तथा रसद विभाग, जवाहर भवन, लखनऊ।
2- अधिशासी निदेशक, उ0प्र0 राज्य कर्मचारी कल्याण निगम, जवाहर भवन, लखनऊ।

आज्ञा से,

( मुरली धर दुबे )
विशेष सचिव ।

http://shasanadesh.up.nic.in/